आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–31 जुलाई 2024 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज विधान परिषद् में न्यू पेंशन स्कीम पर पूछे गये सवाल का जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश में बीजेपी की सरकार बनाने के बाद राज्य के करीब 8 लाख कर्मचारियों के पेंशन खाता खोलने का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि 2005 में जब न्यू पेंशन स्कीम लागू हुई तब प्रदेश में मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व में सपा सरकार थी। वहीं 2007 से 2012 तक बसपा और फिर 2012 से 2017 तक सपा सत्ता में थी, मगर ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक भी कर्मचारी के पेंशन खाते नहीं खोले गये।

****

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज जनपद बाराबंकी में 223 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए प्री स्कूल किट वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भविष्य के भारत को स्वस्थ बनाने का सपना देखा है। इसकी शुरुआत आंगनबाड़ी से ही होती है। सभी अधिकारी पूरी तत्परता से आंगनबाड़ी केंद्रों में सुधार के लिए प्रयास करें। बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ पोषण देने के लिए हर केंद्र पर हॉट कुक्ड फूड परोसा जाए।

****

यूपी विधानसभा मानसून सत्र के तीसरे दिन बुधवार को सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू हुई। सपा के सदस्य त्रिभुवन दत्त ने आवास विभाग से जुड़ा सवाल उठाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय मौजूद रहे। सरकार की तरफ से मंत्री धर्मपाल सिंह ने जवाब दिया। प्रश्नकाल के दौरान दूसरा सवाल सपा के सदस्य अनिल प्रधान का बिजली की आवाजाही और समय पर ट्रांसफार्मर नहीं बदले जाने से जुड़ा रहा। सरकार की तरफ से ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि कल तक 29,680 मेगावॉट बिजली की मांग थी। इस समय कोयला भीगा हुआ आता है। आंधी, पानी जैसी विपरीत परिस्थितियों में भी हमने राज्य में सबसे ज्यादा बिजली दिया है।

****

पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव और 1983–बैच की आईएएस अधिकारी प्रीति सूदन को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुश्री सूदन की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। वह कल अपना कार्यभार संभालेंगी। सुश्री सूदन डॉ. मनोज सोनी का स्थान लेंगी, जिन्होंने इस महीने की शुरुआत में अपना कार्यकाल समाप्त होने से पहले इस्तीफा दे दिया था।

****

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज राज्यसभा में एक पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए बताया कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी के गठन के बाद से पांच करोड़ से अधिक उम्मीदवार राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में उपस्थित हुए हैं। इसने अब तक 250 परीक्षाएं आयोजित की हैं। साथ ही सरकार ने पिछले 10 वर्षों में मेडिकल सीटें बढ़ाकर 1 लाख 10 हजार कर दीं।

****

कलम के जादूगर मुंशी प्रेमचंद की 144वीं जयंती आज वाराणसी के लमही ग्राम में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित साहित्यकारों ने स्कूली बच्चों के साथ मुंशी प्रेमचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के साथ–साथ उनकी रचनाओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर स्कूली बच्चों और स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा नाट्य मंचन कर प्रेमचंद की रचनाओं की प्रासंगिकता आज भी कितनी है इसको बताने का कार्य किया। कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र और प्रेमचंद शोध संस्थान के द्वारा किया गया।

****

शाहजहांपुर में काकोरी ट्रेन एक्शन की 100 वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई जाएगी। जिलाधिकारी ने समस्त विभागों को निर्देशित किया है कि काकोरी ट्रेन ऐक्शन की 100वीं वर्षगांठ पर जनपद में शताब्दी समारोह 09 अगस्त को भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को काकोरी ट्रेन ऐक्शन के इतिहास के प्रति जागरूक करने के लिए शहीद स्मारकों पर माल्यार्पण किया जाएगा।

****

प्रदेश सरकार ने आज आठ आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया हैं। तबादलों में आईपीएस संतोष कुमार मिश्रा को कुशीनगर का नया एसपी नियुक्त किया गया है। इससे पहले वे प्रशिक्षण एवं सुरक्षा (लखनऊ) के पद पर कार्यरत थे। वहीं, कुशीनगर के आईपीएस धवल जायसवाल को फतेहपुर का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। इसी तरह अजय कुमार को 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ में सेनानायक, अभिषेक यादव को लखनऊ अभिसूचना मुख्यालय से प्रयागराज रेलवे, फतेहपुर एसपी रहे उदय शंकर सिंह को पुलिस अधीक्षक (प्रशिक्षण एवं सुरक्षा) लखनऊ की जिम्मेदारी दी गई है। आईपीएस शुभम पटेल को पुलिस अधीक्षक, अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ, श्रद्धा नरेंद्र पांडेय को 38वीं वाहिनी पीएसी में सेनानायक और विवेक चंद्र यादव को पुलिस मुख्यालय से प्रयागराज कमिश्नरेट में अपर पुलिस उपायुक्त बनाया गया है।

****

वाराणसी जिले में गंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोत्तरी का सिलसिला जारी है। आज गंगा का पानी शीतला घाट स्थित मां शीतला देवी मंदिर तक पहुंच गया है। जिसके बाद से पुलिस और प्रशासन के द्वारा लोगों को गहरे पानी में जाने से रोका जा रहा है। साथ ही जिला प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तैद है। जल स्तर के बढ़ने की वजह से चौरासी घाटों का संपर्क टूट गया है। शासन ने कल मणिकर्णिका घाट और हरिश्चंद घट पर शवदाह का स्थान भी बदल दिया है।

****